| QP Code: D133662 | Total Pages:3 | Name: |
|---|---|---|
| | | Register No. |

**FIRST SEMESTER UG DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2025**

**(CUFYUGP)**

**HIN1FA102(2)**

**HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN – BHAG I**

**2025 Admission onwards**

| Maximum Time: One Hour and a Half | Maximum Marks :50 |
|---|---|

**खंड क**

**I.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का **2** अंक हैं, अधिकतम **16** अंक मिल सकते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | भारतीय संविधान की मसौदा समिति के सदस्य कौन - कौन थे? |
| 2 | गीतांजलि श्री को किस रचना के लिए अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार प्राप्त हुआ? |
| 3 | भारतीय संविधान में उल्लिखित नागरिक के चार मौलिक कर्तव्यों को रेखांकित कीजिए । |
| 4 | 'दो कलाकार' नाटक का सामान्य परिचय दीजिए । |
| 5 | नूतन ने नीलम नाम किसके लिए रख दिया और क्यों? |
| 6 | विवेक अपनी अनिद्रा का समाधान निद्राखोर से क्यों नहीं करना चाहता? |
| 7 | निम्न लिखित खंड से कर्ता, कर्म, और क्रिया को चुनिए :<br>नूतन ने यहाँ रहने के लिए एक मकान बनाया था। यहाँ सूर्य की रोशनी थी। पेड़ों का रंग भी दूधिया और हल्का नीला था। उनमें पत्तियाँ नहीं थीं। लंबे और ऊँचे पेड जिनके तने चिकने और कोमल थे - एक युवती की नर्म कलाइयों की तरह। वे यहाँ की हवा में साँस लेते रहते थे। पृथ्वी का रंग भी हल्का दूधिया और सफेद था। यह नज़ारा पंपोश को बहुत पसंद आया। |
| 8 | निम्न लिखित वाक्यों का संशोधन कीजिए :<br>(क) प्रिंसिपल साहब कल आया था ।<br>(ख) उसका आँसू बहने लगा ।<br>(ग) एक पानी का गिलास दीजिए ।<br>(घ) सब लोग उसकी सौन्दर्यता की सराहना करते हैं । |
| 9 | निम्न लिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए :<br>पिता जी की बात मत कर, उन्हें मेरे प्रोडक्ट्स में जरा भी रुचि नहीं। वे एकदम प्रकृतिवादी हैं. उन्हें सब कुछ नेचुरल चाहिए। नींद भले न आए, पर मेरी नींद को इस्तेमाल नहीं करेंगे वे। प्राकृतिक चिकित्सा में गहन विश्वास है उनका। मेरा 'बीआईएमएस' भी उन्हें स्वीकार्य नहीं। |

| | |
|---|---|
| | कहते हैं, यह नेचर के साथ अन्याय है, मनुष्य को ध्यान और योग द्वारा ऐसी शक्तियाँ हासिल करनी चाहिए, न कि सर्जरी या चिप या सहारा लेकर शॉर्ट कट से। |
| 10 | हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :<br><br>(क) कई चुनिंदा बड़े ग्राहकों से बात हुई है ।<br>(ख) इशारा हुआ और मीटिंग समाप्त हो गई । |
| | **(16 marks)** |
| | **खंड ख** |
| **II.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का **6** अंक है, अधिकतम **24** अंक मिल सकते हैं: | |
| 11 | चित्रकार मार्तण्ड की चारित्रिक विशेषताएं क्या - क्या हैं ? |
| 12 | "दिवसावसान का समय-<br>मेघमय आसमान से उतर रही है<br>वह संध्या-सुन्दरी, परी सी,<br>धीरे, धीरे, धीरे<br>तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,<br>मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर,<br>किंतु ज़रा गंभीर, नहीं है उसमें हास-विलास।" - इन पक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए । |
| 13 | "देख रहा हूँ निखिल विश्व को मैं ग्रामीण नयन से,<br>सोच रहा हूँ जग पर, मानव जीवन पर जन मन से।"- इन पक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए । |
| 14 | 'उपग्रह में' कहानी में अभिव्यक्त वैज्ञानिकता पर विचार कीजिए । |
| 15 | संक्षेपण कीजिए ।<br>पार्टी वाला बोला, "नौ साल तक लड़-लड़ के हमने, तुम लोगों के लिए वे पाक कॉलोनी बनवा के दी। तुम लोगों को झॉपड़पट्टी से निकाला, सीमेंट के पक्के घर बना के दिए हैं। और अब तुम बोलता है... डिब्बे-बोतल में बंद कर दिया।"<br>मेरा घरवाला, हमेशा पार्टी वाले से बहस करता था: "तू इसे बस्ती बोलता है। आदमियों का गोदाम लगता है। सबको पार्सल में पैक करके रख दिया है।"<br>मैं दाँतों में दुपट्टा दबाये सब सुनती रहती हूँ। मेरे को क्या लेना इन लोगों की पॉलिटिक्स से? वो भी लगा रहता है। मेरा आदमी।<br>"अरे साला, दो बिल्डिंग के बीच में दो हाथ गाड़ी की जगह तो होनी चाहिए। इधर से जाता आदमी, उधर से आते आदमी से टकरा जाता है।" "क्या बात करता है मैथ्यूः पुलिस का दो जीप गुजर सकता है। तू नाप के देख ले।" |

| | |
|---|---|
| | "अबे छोड़... दो चारपाई बिछा के ताश खेल सकता है क्या!"<br>"अब बम्बई की गलियाँ चारपाई बिछाने के लिए तो नहीं हैं, दोस्त!"<br>मैं भी सोचती हूँ, सारा रंग-रूप ही बदल गया इस ज़मीन का। पहले आधा साल दलदल की तरह कीचड़ रहता था यहाँ। कुछ खाड़ी का पानी आ जाता था। और आधे साल सूखे कीचड़ की काली मट्टी उड़ती थी। |
| | **(24 marks)** |
| **खंड ग** | |
| **III.** | निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है: |
| 16 | 'दो कलाकार' नाटक के कथ्य का विश्लेषण कीजिए। |
| 17 | 'बास' कहानी में चित्रित सामाजिक विडंबना पर प्रकाश डालिए । |

**(1 × 10 = 10 marks)**



1105
1105
1105

566718

**D 113499** **(Pages : 3)** **Name.......................................**

**Reg. No..................................**

## FIRST SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION
## NOVEMBER 2024

Hindi

HIN1FA102(2)—HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN—BHAG I

(2024 Admission onwards)

Time : One Hour and a Half — Maximum : 50 Marks

### खंड (क)

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है । अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं :

1 संविधान में नागरिक के मौलिक अधिककारों के बारे में क्या क्या बताये गये हैं ?

2 'रेत समाधि' नामक कृति पर कौन-सा पुरस्कार मिला था ?

3 ''निर्मला के जीवन विपरीत परिस्थितियों से जूझती हुई आगे बढती रही'' इस पर विचार प्रकट कीजिए ।

4 ''कहि रहीम संपत्ति सगे, बनत बहुत बहुरीत ।

विपत्ति कसौटी जे करै, तेई साँचे मति'' ।।—इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

5 दिए गए खंडे से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनकर लिखिए :

ताँदनी छिटक रही थी । चाँद का रंग नीला था । चाँदनी भी सफेद न होकर हल्की-हल्की नीली थी । पेड़ों का रंग इस चाँदनी में गहरा नीला हो गया था । दूर तक पेड़ों के झुटमुट नज़र आ रहे थे । इस उपग्रह में और कोई प्राणी नहीं था, न ही कुछ जन्तु की आवाज़ थी । कभी कभी नीले पेड़ों से उसाँसें निकलती थीं । पेड़ों का हिलना, साँस लेना वातावरण की शान्ति को भंग करता था ।

6 दिए गए खण्ड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण चुनकर लिखिए :

विवेक अपनी सफलता पर चमत्कृत था । पिछले दिनों से अपने इस विचार को लेकर वह बहुत उद्विग्न था । मन-ही-मन उसने तय किया कि सबसे पहले यह खबर अपने पिता को देगा । उसकी चेतना में पिता की बातें अनवरता उत्पाद-सा मचाती रहती थीं । अपने पिता का वह बहुत आदर करता था । यह खबर पिता को देकर वह अज्ञात चुनौती के विरुद्ध अपनी जीत दर्ज कराना चाहता था ।

**Turn over**

566718

566718



7 'ग्राम दृष्टि' कविता में कवि पन्तजी ग्रामीण नयन से विश्व को किस प्रकार देखते-परखते हैं ? व्यक्त कीजिए ।

8 ''माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवैं पडंत ।

कहै कबीर गुरु ग्यान थैं, एक आधा उबरंत ।।''—इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

9 वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(क) उसका आँसू बहने लगा ।

(ख) मैं कपडे नहीं दिया हूँ ।

(ग) मैं ने इसी रोटी खाया है ।

(घ) हम दोनों वह समय छत पर बैठा था ।

10 चूडामणि, मार्तण्ड और बुलाकीदास का संवाद अपने शब्दों में वार्तालाप के रूप में लिखिए ।

(16 marks)

## खंड (ख)

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक है । अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं :

11 'निद्राखोर' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य को व्यक्त कीजिए ।

12 मनु के मन के विचारों को 'आशा' कविता में किस प्रकार व्यक्त किया गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

13 ''धीर वीर गंभीर शिखर पर हिमगिरि अटल अचल में

उत्ताल तरंगाघात प्रलय घन गर्जन जलधि प्रबल में

क्षिति में, जल में, नभ में, अनिल अनल में

सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा चुप, चुप, चुप है गूंज रहा सब कहीं'' । इन पंक्तियों की काव्य सुन्दरता का वर्णन कीजिए ।

14 अनुवाद कीजिए :

(क) हिन्दी से अंग्रेज़ी में-

मैं परमानन्द की सोने की घडी उठाकर यह कहता भागा कि अगर दो घंटे के अंदर रूपया न दिया तो घडी मैं बेच दूँगा । हाँफते हाँफते पहुँची तो अंगूठी ज़मीन तले के गटर में गायब हो चुकी थी ।

566718

(ख) अंग्रेज़ी से हिन्दी में-

I am extremely glad to note the progress of Hindi in South India. A common language for the whole India is a necessity. There are many as advantages in making Hindi the national language. There is no possibility of Hindi endangering the provincial languages. Hindi is a fine rope with which to bind the whole of India together.

15 संक्षेपण कीजिए :

मैं खुश हो गई। पाँच साल की थी न, इसलिए यह पता नहीं चला कि पहली बार ही बनवाने में बाबा को कितनी मुश्किल आयी थी और साल भर तक घर के हर खर्चे का हिसाब लगाते समय बाबा उस अंगूठी की कीमत बताया करते थे। इसी पर एक दिन दादी ने गुस्से में अंगूठी चूल्हे में डाल दीं लो ठंडक पडी तुम्हारे अंदर, लो यह लो और लो कहती हुई। दादी अपनी चूडियाँ, कडे और लच्छे भी आग में झौंकने लगीं थी कि मैं ने पीछे से उन्हें थाम लिया। मैं ने इसलिए चिढती थीं दादी। माँ ने बीच बचाव किया नहीं कि दादी का पारा गरम। फिर दादी पता नहीं क्या क्या बकने लगतीं।

(24 marks)

**खंड (ग)**

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है :

16 'उपग्रह में' कहानी में वैज्ञानिकता और प्रकुति प्रेम का चित्रण है—स्पष्ट कीजिए।

17 महादेवी वर्मा ने दीपक को किसका प्रतीक बन कर दिखाया है ? व्यक्त कीजिए।

(1 × 10 = 10 marks)